Seat No. : _______________

# NC-104

**November-2013**

## B.A. Semester - III

## CC-201 : HINDI (आधुनिक हिन्दी कविता)

## (CBCS Semester System)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचनाएँ** : (1) किसी भी प्रश्न के **सभी** विभागों के उत्तर एक साथ लिखें ।

(2) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में न लिखकर पूरे वाक्य में लिखें ।

1\. 'आँसू' काव्य में व्यक्त विरह-भावना पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।

(क) खग-कुल कुल कुल सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा
लो यह लतिका भी भर लाई –
मधु मुकुल नवल रस गागरी ।

(ख) नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नग पग तल में,
पीयूष स्रोत सी बहा करो,
जीवन के सुंदर समतल में ।

2\. 'तोड़ती पत्थर' कविता मदजूर वर्ग के सामाजिक यथार्थ का आईना है । समझाइए । **14**

**अथवा**

टिप्पणियाँ लिखिए -

(क) 'भिक्षुक' कविता में भिक्षुक की वेदना

(ख) 'रानी और कानी' कविता में मातृत्व भाव

3\. 'मधुशाला' काव्य के पठित पदों का भाव-सौंदर्य उदाहरण देकर बताइए । **14**

**अथवा**

संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।

(क) भू पर वन, वारिधि पर बेड़े,
नभ में उडु-खग मेला,
नर-नारी से भरे जगत में,
कवि का हृदय अकेला ।

(ख) मृदु मिट्टी के हैं बने हुए, मधुघट फूटा ही करते हैं,
लघु जीवन लेकर आए हैं, प्याले टूटा ही करते हैं,
फिर भी मदिरालय के अंदर, मधु के घट हैं, मधुप्याले हैं,
जो मादकता के मारे हैं, वे मधु लूटा ही करते हैं ।

4. एक जागरण गीत के रूप में 'जवानी' कविता का मूल्यांकन कीजिए । **14**

**अथवा**

टिप्पणियाँ लिखिए –

(क) 'जोड़ी टूट गई' कविता में प्रियतमा की याद

(ख) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता में राष्ट्रप्रेम

5. सूचनानुसार उत्तर दीजिए । **14**

(अ) **एक** वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(1) 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' कविता प्रसाद के किस नाटक से ली गई है ?

(2) निराला का पूरा नाम क्या है ?

(3) हालावाद का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

(4) किस कवि को 'एक भारतीय आत्मा' भी कहा जाता है ?

(5) छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किसने कहा है ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) छायावाद का प्रवर्तक ________ को माना जाता है । (प्रसाद, निराला, बच्चन)

(2) 'जुही की कली' कविता का नायक ________ है । (प्रकाश, सूरज, पवन)

(3) माखनलाल चतुर्वेदी ने ________ पत्रिका का संपादन किया था । (हंस, कर्मवीर, आजकल)

(4) हरिवंशराय बच्चन का जन्म ________ में हुआ था । (इलाहाबाद, भोपाल, अहमदाबाद)

(5) निराला की पुत्री का नाम ________ था । (सुमन, किरण, सरोज)

(क) सही जोड़े मिलाइए ।

| | |
|---|---|
| (1) हरिवंशराय बच्चन | (a) बसंत मनमाना |
| (2) निराला | (b) मेरे नाविक |
| (3) प्रसाद | (c) स्नेह निर्झर बह गया है |
| (4) माखनलाल चतुर्वेदी | (d) इस पार उस पार |